# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (10.07.2025)

### HINDUSTAN, MUZAFFARPUR DATE: 10.07.2025, PAGE-04

**बीआरए बिहार विवि में पहली मेरिट लिस्ट के आधार पर नामांकन की प्रक्रिया जारी**

# एलएस कॉलेज विद्यार्थियों की पहली व आरडीएस दूसरी पसंद

**स्नातक**

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआरए बिहार विवि में पहली मेरिट लिस्ट के आधार पर स्नातक में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। मुजफ्फरपुर जिले में एलएस कॉलेज विद्यार्थियों की पहली पसंद है। वहीं, आरडीसएस कॉलेज दूसरे नंबर पर है। विवि स्तर पर बात करें तो एमएस कॉलेज मोतिहारी विद्यार्थियों की पसंद है।

छात्र-छात्राओं की दी गई पहली पसंद के आधार पर जारी मेरिट लिस्ट यह बता रही है कि स्नातक नामांकन में जिले में एलएस कॉलेज 2912 विद्यार्थियों की पहली पसंद है। विवि स्तर पर एमएस कॉलेज मोतिहारी को सबसे अधिक 3061 विद्यार्थियों ने चुना है। मुजफ्फरपुर जिले में दूसरे नंबर पर आरडीएस कॉलेज में पढ़ने की छात्रों की चाहत है। आरडीएस कॉलेज 2775 छात्र-छात्राओं की पसंद है। वैशाली के दो कॉलेज ऐसे हैं जहां पहली मेरिट के 100 छात्र भी दाखिला लेना नहीं चाहते हैं। जिले में एमडीडीएम कॉलेज को 1659 छात्राओं ने पहली मेरिट लिस्ट में पसंद किया है। एमएसकेबी कॉलेज 1102, साइंस कॉलेज 1093, नीतीश्वर कॉलेज 1418, आरबीबीएम कॉलेज 1095, एलएनटी कॉलेज 1291 छात्र-छात्राओं की पहली पसंद बना है।



एलएस कॉलेज में स्नातक में नामांकन के लिए जुटे छात्र-छात्राएं और नामांकन की प्रक्रिया पूरी करते कॉलेजकर्मी।

- पहली मेरिट में एलएस कॉलेज 2912 विद्यार्थियों की पहली पसंद
- विवि में एमएस कॉलेज मोतिहारी को सबसे अधिक 3061 विद्यार्थियों ने चुना
- वैशाली के दो कॉलेज ऐसे, जहां 100 छात्र भी नहीं लेना चाहते दाखिला

**बुधवार को अधिकांश कॉलेज में नहीं हुआ नामांकन:** बुधवार को स्नातक नामांकन की गति काफी धीमी रही। बिहार बंद की वजह से आरबीबीएम, रामेश्वर सिंह कॉलेज समेत विभिन्न कॉलेजों में बहुत कम संख्या में विद्यार्थी पहुंचे। कुछ कॉलेज में पहुंचे भी तो उनका नामांकन नहीं हो सका। स्नातक की कक्षा 15 जुलाई से शुरू होनी है। नामांकन की धीमी प्रक्रिया के कारण निर्धारित तिथि से कक्षा शुरू होने को लेकर असमंजस है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:10.07.2025, PAGE-06

# पिछले सत्रों के टापरों को भी सम्मानित करने की उठी मांग

- 25 अगस्त को होना है कार्यक्रम छह वर्षों के बाद दीक्षा समारोह का हो रहा आयोजन
- विश्वविद्यालय पहुंचकर कई छात्र ले रहे जानकारी, मांग - हर वर्ष नियमित रूप से हो आयोजन



जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में करीब छह वर्ष के बाद दीक्षा समारोह का आयोजन 25 अगस्त को होना है। समारोह में सम्मान पाने वाले विद्यार्थियों में खुशी है तो दूसरी ओर कई सत्रों के छात्रों में निराशा है। इसका कारण है हर वर्ष नियमित रूप से दीक्षा समारोह का आयोजन नहीं होना। इस कारण कई सत्रों के टापरों को इसमें शिरकत करने का अवसर नहीं मिल पाता और टापर गोल्ड मेडल से वंचित हो जाते हैं।

विश्वविद्यालय की ओर से इस वर्ष आयोजन की तिथि जारी हुई तो छात्र पिछले सत्रों के टापरों को भी सम्मानित करने की मांग करने लगे। गणित विभाग से उत्तीर्ण हुई छात्रा आकृति कुमारी दीक्षा समारोह में खुद को मेडल और सर्टिफिकेट दिए जाने की मांग लेकर विश्वविद्यालय पहुंची। छात्रा ने बताया कि उसने सत्र 2020-22 में पीजी की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उसने खुद को टापर बताते हुए मेडल मिलने की जानकारी मांगी। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि केवल पीजी के दो सत्रों के टापरों को ही मेडल दिया जाएगा। उस सत्र के टापरों को शामिल नहीं किया जा रहा है। इस पर छात्रा ने कहा कि अगर हर वर्ष दीक्षा समारोह का आयोजन होता तो टापरों को मायूसी नहीं होती।

दूसरी ओर समारोह में स्नातक के टापरों को लेकर अब तक निर्णय नहीं होने के कारण छात्रों में निराशा है। उनका कहना है कि इससे पहले जब दीक्षा समारोह हुआ तो उसमें स्नातक के टापरों को भी मेडल दिया गया था। दूसरी ओर विश्वविद्यालय की ओर से गुरुवार को स्टैच्युट के प्रविधान के अनुसार निर्णय होगा। इससे पहले 2019 में दीक्षा समारोह का आयोजन हुआ था। इससे पहले लगातार दो वर्ष 2014 और 2015 में इसका आयोजन किया गया था। मामले को लेकर प्राक्टर प्रो. बीएस राय ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से प्रयास किया है कि नियमित रूप से दीक्षा समारोह का आयोजन किया जाए।

## मुख्य अतिथि पहनेंगे लेमन येलो मालवीय पगड़ी

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में होने वाले दीक्षा समारोह में मुख्य अतिथि लेमन येलो मालवीय पगड़ी और सुजनी कढ़ाई वाला नारंगी जैकेट पहनेंगे। पीला अंगवस्त्र होगा और विश्वविद्यालय का लोगो लगा रहेगा। इसी तरह राज्यपाल व्हाइट मालवीय पगड़ी पहनेंगे। इसके साथ ही कुलपति, रजिस्ट्रार समेत अन्य अधिकारियों को लेमन येलो कलर की पगड़ी पहनेंगे। राजभवन की ओर से निर्धारित ड्रेस कोड में ही आयोजन होना है। दूसरी ओर छात्रों को कुर्ता - पायजामा या धोती - कुर्ता पहनेंगे। इसके साथ ही उन्हें लेमन येलो अंगवस्त्र होगा। इसी तरह छात्राओं के लिए सफेद सलवार व लेमन यलो कुर्ता या लाल बार्डर वाली लेमन यलो साड़ी पहननी है। साड़ी पर लाल रंग का बार्डर रहेगा। लेमन यलो मालवीय पगड़ी होगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:...........................**

**DAINIK JAGRAN**
**MUZAFFARPUR**
**DATE:10.07.2025**
**PAGE-06**

## वोकेशनल में अब 14 तक होगा नामांकन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में वोकेशनल कोर्स में नामांकन की तिथि विस्तारित कर दी गई है। अब छात्र-छात्राएं आवंटित कालेजों में 14 जुलाई तक नामांकन करा सकेंगे। बताया जा रहा है कि अब तक काफी कम संख्या में ही छात्र-छात्राओं ने आवंटित कालेजों में नामांकन लिया है। 14 जुलाई तक एक दर्जन वोकेशनल कोर्स में नामांकन कराने के बाद सभी कालेजों को रिपोर्ट विश्वविद्यालय में भेजना है। इसी आधार पर नामांकन के लिए दूसरी सूची जारी की जाएगी। बताया जा रहा है कि अगर दूसरी सूची के बाद भी सीटें रिक्त रह जाती हैं तो आनस्पाट नामांकन का विकल्प दिया जाएगा।

**काफी कम संख्या में नामांकन कराने पहुंचे छात्र :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कालेजों में बुधवार को काफी कम संख्या में नामांकन कराने विद्यार्थी पहुंचे। कालेजों में अभी स्नातक से लेकर वोकेशनल कोर्स में नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। बिहार बंद को लेकर बुधवार को काफी कम संख्या में नामांकन कराने पहुंचे। दूसरी ओर विश्वविद्यालय में भी सामान्य दिनों की अपेक्षा काफी कम चहल-पहल रही।

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE:10.07.2025, PAGE-04

# दाखिले के लिए 14 तक तिथि बढ़ायी

**वोकेशनल कोर्स**

- बिहार बंद से विद्यार्थियों को हुई दिक्कत
- कई कॉलेजों ने की तिथि बढ़ाने की मांग
- 14 के बाद विवि जारी करेगा मेधा सूची
- इसके बाद ऑनस्पॉट नामांकन हो सकेगा

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के विभिन्न कॉलेजों में संचालित वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए निर्धारित शेड्यूल के अनुसार बुधवार को अंतिम तिथि थी. बिहार बंद होने से बड़ी संख्या में विद्यार्थी दाखिला लेने से चूक गये. ऐसे में कॉलेजों की ओर से तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया गया है. इसपर विचार करते हुए विवि ने पहली सूची में चयनित विद्यार्थियों के लिए दाखिले की तिथि 14 जुलाई तक बढ़ा दी है.कॉलेजों को कहा है कि नामांकन लेकर इसकी रिपोर्ट विभाग को उपलब्ध कराएं. इसके बाद दूसरी सूची जारी की जायेगी.

### सीटें रिक्त रहीं तो ऑनस्पॉट का मौका

सीसीडीसी प्रो मधु सिंह ने बताया कि वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए कॉलेजों की ओर से समयसीमा बढ़ाने की मांग की गयी . इसपर विचार के बाद तिथि बढ़ाई गयी है .दूसरी सूची के बाद भी यदि सीटें रिक्त रह जाती हैं तो ऑनस्पॉट का मौका दिया जा सकता है . इसके लिए भी विद्यार्थियों को विवि के पोर्टल पर आवेदन करना होगा . इसके बाद वे जहां सीटें रिक्त होंगी वहां दाखिला ले सकते हैं . बता दें कि पहली सूची में आवंटित विद्यार्थियों में से लगभग 50 प्रतिशत ने ही दाखिला लिया है .

**अनुदान वितरण के लिए कुलसचिव से वार्ता :** संबद्ध अनुदानित महाविद्यालय संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने कुलसचिव के साथ वार्ता की. सदस्यों ने रखी मांगों के संबंध बात की. लंबित अनुदान के वितरण के लिए समय के बारे में पूछा. कुलसचिव ने कहा कि दो-तीन दिनों में महाविद्यालयों को अनुदान की राशि भेज दी जायेगी.

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:10.07.2025, PAGE-04

## दीक्षांत समारोह : लेमन येलो होगा मुख्य अतिथि की पगड़ी का रंग

# कुलाधिपति सफेद मालवीय पगड़ी पहनेंगे

## छात्र कुर्ता-पायजामा, छात्राएं सलवार या साड़ी पहनेंगी

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

दीक्षांत समारोह में छात्र सफेद कुर्ता-पायजामा या कुर्ता-धोती पहनेंगे. इसके साथ लेमन यलो पगड़ी व यलो अंगवस्त्र भी पहनेंगे. छात्राओं के ड्रेस कोड सफेद सलवार व लेमन यलो कुर्ता या लाल बॉर्डर वाली लेमन यलो साड़ी पहननी अनिवार्य किया गया है. साड़ी पर लाल रंग का बॉर्डर रहेगा और लाल रंग का ही ब्लाउज रहेगा. इसके साथ लेमन यलो मालवीय पगड़ी और यलो अंगवस्त्र पहनना है. इसपर विवि का लोगो बना रहेगा.

बीआरएबीयू में 25 अगस्त हो होनेवाले दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारियां तेज हो गयी है. दीक्षांत के दौरान कुलाधिपति से लेकर छात्र-छात्राओं तक के लिए ड्रेस और पगड़ी के रंग का निर्धारण रेगुलेशन के अनुसार किया गया है. राजभवन से दीक्षांत समारोह को लेकर निर्धारित ड्रेस कोड के अनुसार दीक्षांत समारोह में मंच पर कुलाधिपति सहित विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी मालवीय पगड़ी पहनेंगे. कुलाधिपति उजली मालवीय पगड़ी पहनेंगे. वहीं मुख्य अतिथि, कुलपति, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों की पगड़ी लेमन यलो रंग की होगी. कुलाधिपति क्रीम कलर का जैकेट पहनेंगे. इसके कॉलर पर सुजनी कढ़ाई रहेगी. वहीं लाल बॉर्डर वाले पीले रंग के अंगवस्त्र पर विश्वविद्यालय का लोगो रहेगा. कुलपति सुजनी कढ़ाई वाला सुनहरे रंग का जैकेट पहनेंगे. लाल बॉर्डर वाले पीला रंग के अंगवस्त्र पर विश्वविद्यालय का लोगो होगा. इसी तरह मुख्य अतिथि सुजनी कढ़ाई वाला ऑरेंज जैकेट, विवि के लोगो व लाल बॉर्डर वाला पीला अंगवस्त्र पहनेंगे. रजिस्ट्रार, परीक्षा नियंत्रक और डीन स्काई ब्लू जैकेट पहनेंगे. अन्य विशिष्ट लोगों के लिए कॉलर पर सुजनी कढ़ाई वाला ब्रिक कलर का जैकेट पहनना है. वहीं लाल रंग के बॉर्डर का पीले रंग का अंगवस्त्र का होगा. इनपर विवि का लोगो रहेगा.